03 जुलाई 2023

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
moneywise. be wise.

प्रमुख खबरें

- नॉफेड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू रबी विपणन सीजन में 27 जून तक सरसों की खरीद 9.19 लाख टन से अधिक हो गई है।
- चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों के दौरान भारत के मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात में रुपये के संदर्भ में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है: मसाला बोर्ड।
- उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ को उपभोक्ताओं के लिए तुअर दाल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए योग्य मिल मालिकों को ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से तुअर बेचने का निर्देश दिया है।
- एपीडा की निगरानी में किए गए कृषि उत्पादों के निर्यात में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में इस साल अप्रैल में रुपये के संदर्भ में लगभग 3 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 9.9 प्रतिशत की मामूली गिरावट हुई है।
- सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।
- सोने की एशियाई मांग दुनिया की कुल मांग का 45% से बढ़कर लगभग 60% हो गई है, जो मुख्य रूप से चीन और भारत से हुई है, जिसकी कुल मांग अब वैश्विक सोने की मांग का लगभग 50% है: डब्ल्यूजीसी।
- 2023 में चीन का स्टील निर्यात पिछले साल निर्यातित 67.32 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हो सकता है, और 77 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ सकता है: सीमा शुल्क ।
- वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, मई 2023 में भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन 4.1% बढ़कर 11.2 मिलियन टन तक पहुंच गया। इस बीच, इसी अवधि में वैश्विक स्तर पर इस्पात उत्पादन 5.1% गिरकर 161.6 मिलियन टन हो गया।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	23.06.23	29.06.23	बदलाव (%)
सीसेम सीड	15385.00	16370.00	6.40%
बाजरा	2072.00	2119.00	2.27%
हल्दी	9316.00	9518.00	2.17%
धनिया	6396.00	6512.00	1.81%
कैस्टरसीड	5713.00	5792.00	1.38%

MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	23.06.23	29.06.23	बदलाव (%)
कच्चा तेल	5713.00	5770.00	1.00%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	23.06.23	29.06.23	बदलाव (%)
कॉटनऑयलसीडकेक	2528.00	2471.00	-2.25%
मक्का	1986.00	1946.00	-2.01%
ग्वारगम	10582.00	10422.00	-1.51%
धान	4222.00	4168.00	-1.28%
ग्वारसीड	5427.00	5382.00	-0.83%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	23.06.23	29.06.23	बदलाव (%)
निकल	1819.00	1748.00	-3.90%
तांबा	718.85	704.95	-1.93%
लेड	183.30	181.45	-1.01%
नेचुरल गैस	227.40	225.20	-0.97%
एल्युमीनियम	197.95	196.45	-0.76%

साप्ताहिक समीक्षा

पिछले सप्ताह सीआरबी इंडेक्स को 300 के करीब रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा और गिरावट जारी रही। इस बीच डॉलर सूचकांक में दूसरे सप्ताह भी तेजी रही। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा इस बात की पुष्टि करने के बाद कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नेताओं ने सिंट्रा में यूरोपीय सेंट्रल बैंक की वार्षिक सभा से सख्त संकेत दिए हैं, अमेरिकी डॉलर में तेजी का कारोबार हुआ। सर्राफा काउंटर में सोने की कीमतों में अधिक गिरावट हुई जबकि चांदी की कीमतें निचले स्तर से उबर गई। लेकिन एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुई। ऊर्जा काउंटर में, कच्चा तेल निचले स्तर से उबर गया और साइडवेज बंद हुआ। नेचुरल गैस की कीमतों में ऊपरी स्तर से मुनाफावसूली देखी गई। एमसीएक्स पर कच्चे तेल की कीमतों में मामूली तेजी दर्ज की गई जबकि नेचुरल गैस की कीमतों की तेजी पर कुछ विराम लग गया। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें इस साल में पहली मासिक बढ़त दर्ज करने में कामयाब हो गई, क्योंकि अमेरिकी तेल भंडार में बड़ी गिरावट ने इस चिंता को दूर कर दिया कि ब्याज दरों में अधिक बढ़ोतरी से ईंधन की मांग में अधिक कमी आएगी। संभवत: मासिक बढ़त के बावजूद, तिमाही आधार पर, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 6% की गिरावट हुई है, जबकि डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 7% की गिरावट हुई है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) ने कहा कि 23 जून को समाप्त सप्ताह में कच्चे तेल के भंडार में 9.6 मिलियन बैरल की गिरावट हुई है, जिसके बाद बाजार आपूर्ति में कमी को लेकर चिंतित हैं। चीन से कमजोर आर्थिक आंकड़ों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंकाओं के बीच डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी के कारण बेस मेटल कमजोर रहे। पहली तिमाही में अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गति को पहले के अनुमान 1.3% से बढ़ाकर 2.0% वार्षिक दर तक संशोधित किया गया है। चीन की मैनुफैक्चरिंग गतिविधि जून में लगातार तीसरे महीने कम हुई, लेकिन गिरावट कम है। । जून में गैर-मैनुफैक्चरिंग गतिविधि में भी गिरावट हुई है। दुनिया भर में धीमी होती औद्योगिक गतिविधियों की चिंताओं ने बेस मेटल की मांग को प्रभावित किया है, क्योंकि व्यापारियों को बेस मेटल की मांग में इसी तरह की मंदी की आशंका है।

कृषि कमोडिटीज में, कैस्टर सीड की कीमतों की रिकवरी अच्छी रही। कॉटनऑयलसीडकेक की कीमतें भी 2500 के ऊपर बंद हुई। कपास की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। अल नीनो की बात पर ग्वार काउंटर की कीमतों में उछाल दर्ज की गई। राजस्थान में बाजरा और मूंग के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि के मद्देनजर वर्ष 2023 में ग्वार के रकबे में गिरावट की उम्मीद है। बुआई गतिविधियों में अभी भी तेजी नहीं आई है, लेकिन ग्वार पर कम कीमत की प्राप्ति के कारण कुल बुआई क्षेत्र में कमी आने की संभावना है, जिससे ग्वार का क्षेत्र अन्य लाभदायक फसलों की ओर स्थानांतरित हो जाएगा। मसालों में, जीरा की कीमतें ऊंचे स्तर से फिसल गई क्योंकि मिल मालिक मौजूदा स्तर पर जरूरत के आधार पर खरीदारी कर रहे हैं। धनिया की कीमतों में बढ़ोतरी हुई लेकिन ऊंचे स्तर पर टिक नहीं सकी। किसानों को बेहतर कीमत मिलने से बाजार में आवक बढ़ेगी। कमजोर मानसून के कारण महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में बुआई धीमी होने के कारण हल्दी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	23.06.2023	28.06.2023	बदलाव(%)
जौ	जयपुर	1,888.50	1,891.85	0.18%
चना	दिल्ली	5,063.70	5,053.05	-0.21%
धनिया	कोटा	6,487.60	6,575.65	1.36%
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	808.85	829.10	2.50%
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,439.20	1,437.30	-0.13%
ग्वारसीड	जोधपुर	5,409.35	5,435.25	0.48%
ग्वारगम	जोधपुर	10,567.50	10,588.75	0.20%
जीरा	ऊंझा	54,776.40	58,590.80	6.96%
सरसों	जयपुर	5,290.55	5,425.05	2.54%
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	927.50	957.50	3.23%
सोयाबीन	इंदौर	5,212.90	5,152.90	-1.15%
हल्दी	निजामाबाद	8,258.90	8,464.90	2.49%
गेहूं	दिल्ली	2,472.50	2,478.95	0.26%
कॉटन	कड़ी	27,249.70	26,457.05	-2.91%
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,653.75	2,627.00	-1.01%

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	23.06.2023	29.06.2023	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2174.50	2241.00	3.06%
तांबा	LME	नकद	8390.50	8540.00	1.78%
लेड	LME	नकद	2123.00	2133.50	0.49%
निकल	LME	नकद	21311.00	22503.00	5.59%
जिंक	LME	नकद	2364.50	2437.00	3.07%
सोना	COMEX	जुलाई	1921.00	1917.90	-0.16%
चांदी	COMEX	जुलाई	22.35	22.69	1.50%
लाइट क्रूड	NYMEX	जुलाई	69.16	69.86	1.01%
नेचुरल गैस	NYMEX	सितम्बर	2.84	2.69	-5.38%

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	23.06.2023	29.06.2023	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	अगस्त	1,494.50	1,483.00	-0.77%
सोया तेल	CBOT	अगस्त	57.94	60.83	4.99%
कॉटन	ICE	दिसम्बर	78.06	81.25	4.09%
सीपीओ	BMD	सितम्बर	3,620.00	3,755.00	3.73%

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	22.06.2023 क्वांटिटी	29.06.2023 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	0	0	0
मक्का	मी.टन	0	0	0
कैस्टर सीड	मी.टन	8365	8369	4
चना	मी.टन	13495	12001	-1494
धनिया	मी.टन	18118	18210	92
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	16424	16714	290
ग्वारगम	मी.टन	21449	21489	40
ग्वारसीड	मी.टन	180	180	0
जीरा	मी.टन	7804	7676	-128
मक्का	मी.टन	0	0	0
स्टील लॉन्ग	मी.टन	632	632	0
हल्दी	मी.टन	1193	1074	-119

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	23.06.2023 क्वांटिटी	28.06.2023 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	196	357	161
तांबा	मी.टन	1608215	1437462	-170753
सोना	किग्रा	358	358	0
सोना मिनी	किग्रा	2840	2840	0
सोना गिनी	किग्रा	221200	728700	507500
लेड	किग्रा	0	0	0
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	142263	131059	-11204
चांदी एम	किग्रा	41883	41883	0
जिंक	मी.टन	0	0	0

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 23.06.2023	स्टॉक की स्थिति 29.06.2023	अंतर
एल्युमीनियम	537775	531225	-6550.00
तांबा	80100	72975	-7125.00
निकल	39468	38904	-564.00
लेड	39775	41225	1450.00
जिंक	78600	80925	2325.00

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	जुलाई	55455.00	14.03.23	तेजी	32000.00	54030.00	-	53800.00
NCDEX	हल्दी	अगस्त	9518.00	06.04.23	तेजी	7035.00	9150.00	-	9100.00
NCDEX	**ग्वारसीड**	**जुलाई**	**5382.00**	**28.06.23**	**तेजी**	**5350.00**	**5240.00**	**-**	**5200.00**
NCDEX	कैस्टरसीड	जुलाई	5792.00	15.06.23	तेजी	5750.00	5650.00	-	5600.00
NCDEX	स्टील लांग	जुलाई	46170.00	30.01.23	मंदी	50000.00	-	47150.00	47200.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	जुलाई	2471.00	11.04.23	मंदी	2800.00	-	2650.00	2680.00
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	905.10	14.03.23	मंदी	1015.00	-	937.00	940.00
MCX	बुलडेक्स	जुलाई	15600.00	11.05.23	मंदी	16600.00	-	15950.00	16000.00
MCX	चांदी	सितम्बर	69596.00	11.05.23	मंदी	75000.00	-	70350.00	70400.00
MCX	सोना	अगस्त	58014.00	11.05.23	मंदी	61200.00	-	58950.00	59000.00
MCX	तांबा	जुलाई	704.95	22.06.23	मंदी	725.00	-	739.00	740.00
MCX	लेड	जुलाई	181.45	22.06.23	मंदी	184.00	-	186.00	187.00
MCX	जिंक	जुलाई	211.20	22.06.23	मंदी	218.00	-	225.00	226.00
MCX	एल्युमिनियम	जुलाई	196.45	22.06.23	मंदी	203.00	-	204.00	205.00
MCX	कच्चा तेल	जुलाई	5738.00	19.04.23	मंदी	6500.00	-	6190.00	6200.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	224.30	15.06.23	तेजी	200.00	196.00	-	195.00

*22/06/2023 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

चांदी (सितम्बर) एमसीएक्स

कैस्टरसीड (जुलाई) एनसीडीईएक्स

जिंक (जुलाई)एमसीएक्स



चांदी (सितम्बर) एमसीएक्स **उच्चस्तर: 79350.00** **निचला स्तर: 68371.00**

एमसीएक्स में चांदी (सितम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 29 जून 2023 को 69596.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 73843.33 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 27.388 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

70500.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 67000.00 रू के टारगेट के लिए 69700.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

कैस्टरसीड (जुलाई) एनसीडीईएक्स **उच्च स्तर: 6147.00** **निचला स्तर: 5408.00**

एनसीडीईएक्स में कैस्टरसीड (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 29 जून 2023 को 5792.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 5889.88 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 66.88 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

5700.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 6150.00 रू के टारगेट के लिए 5830.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

जिंक (जुलाई)एमसीएक्स **उच्च स्तर: 224.95** **निचला स्तर: 206.00**

एमसीएक्स में जिंक (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 29 जून 2023 को 211.20 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 223.23 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 43.359 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

220.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 205.00 रू के टारगेट के लिए 215.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

प्रमुख उत्पादक राज्यों में मानसून की धीमी प्रगति के संकेत के बाद पिछले सप्ताह हल्दी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। महाराष्ट्र और तेलंगाना में कम मॉनसून वर्षा के कारण बुआई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जिसका असर कीमतों पर पड़ा। महाराष्ट्र और तेलंगाना में हल्दी का रकबा घटने से उत्पादन में कमी की संभावनाएं दिख रही हैं। प्रतिकूल मौसम की स्थिति और कम कीमत मिलने के कारण हल्दी के रकबे में कम से कम 10-15% की गिरावट आएगी। आवक की गति भी धीमी है क्योंकि 65% से अधिक हल्दी की आवक बाजार में हो चुकी है। वर्ष 2023 में 1 अप्रैल 23 से अब तक पूरे भारत में लगभग 164 हजार टन हल्दी की आवक हुई है, जबकि पिछले वर्ष 159 हजार टन आवक हुई थी। हाल के महीनों में हल्दी की निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे कीमतों को समर्थन मिलने की संभावना है। भारत ने अप्रैल 23 में लगभग 19.6 हजार टन हल्दी का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में 13.76 हजार टन निर्या हुआ था। लेकिन बुआई शुरुआती चरण में है और मौसम की स्थिति बुआई गतिविधियों के लिए अनुकूल होने पर कीमतों में मुनाफावसूली देखी जा सकती है। हल्दी वायदा (अगस्त) की कीमतों को 9200 के स्तर पर सपोर्ट रहने की संभावना है और धीरे-धीरे कीमतें 10200 तक बढ़ सकती है।

जीरा (जुलाई) वायदा की कीमतें 58235 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। लेकिन अधिक कीमतों पर कमजोर मांग के कारण कीमतों में उस स्तर से गिरावट शुरू हो गई है। त्योहारी और शादी के सीजन की मांग में कमी के कारण मिलें नई खरीदारी में कम दिलचस्पी दिखा रही हैं। इसके अलावा, सस्ती दर पर जीरा का आयात बढ़ने से भी बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा। आगे चलकर, कीमतों के साइडवेज रहने की संभावना है क्योंकि आने वाले सप्ताह में गुजरात में भारी वर्षा के पूर्वानुमान से आपूर्ति में व्यवधान हो सकता है जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लग सकती है। वर्ष 2023 में 1 अप्रैल से अब तक लगभग 76.52 हजार टन की आवक हुई है, जबकि पिछले वर्ष 73.09 हजार टन की आवक हुई थी। स्टॉक कम हो गया है क्योंकि अधिकांश मिलें जरूरत के आधार पर खरीदारी कर रही हैं, इसलिए जीरा की कीमतों में कोई भी गिरावट मिलों और स्टॉकिस्टों के लिए खरीदारी का अवसर होगा। भारत ने अप्रैल 2023 में पिछले वर्ष के 9.94 हजार टन के मुकाबले लगभग 16.28 हजार टन जीरा निर्यात किया। जुलाई में जीरा की कीमतों के 51600-61500 के दायरे में रहने की संभावना है।

बढ़ी हुई भौतिक मांग के कारण धनिया वायदा (जुलाई) की कीमतों में तेजी रहने की संभावना है। मसाला निर्माताओं की बढ़ती खरीदारी और बाजार में आवक की धीमी गति से कीमतों में मजबूती आई है। गुजरात और राजस्थान में लंबे समय तक बारिश के कारण आवक में गिरावट आई है। निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे बाजार के सेंटीमेंट को समर्थन मिल रहा है। लेकिन पिछले वर्ष के 3.16 हजार टन की तुलना में अप्रैल-23 में लगभग 10.68 हजार टन धनिया का निर्यात किया गया है। वर्ष 2023 में अधिक उत्पादन के कारण धनिया में बढ़त सीमित दिख रही है। किसानों के साथ-साथ स्टॉकिस्टों के पास भी भारी स्टॉक है जिससे कीमतों की अत्यधिक बढ़त पर रोक लगेगी। धनिया की कीमतों के 6300-7000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

अन्य कमोडिटीज

औद्योगिक मांग में कमी के कारण कपास की कीमतों में नरमी रहने की संभावना है। गुजरात में कपास का रकबा बढ़ने की रिपोर्ट से बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ने की संभावना है। 26 जून तक गुजरात में कपास की बुआई 13.06 लाख हेक्टेयर दर्ज की गई, जो एक साल पहले 10.86 लाख हेक्टेयर थी। मानसून के आगे बढ़ने के साथ ही खरीफ की बुआई में अभी भी तेजी नहीं आई है। उत्तर भारत में कपास की कीमतें लगभग स्थिर बनी हुई हैं क्योंकि मांग और आपूर्ति सीमित थी। कपास की आवक घटकर 170 किलोग्राम की 1,000 गांठ से भी कम रह गई। इस बीच, बुनाई उद्योग की कमजोर मांग के कारण कताई मिलें नई खरीदारी करने में धीमी रहीं। एमसीएक्स पर कॉटन (जुलाई) की कीमतें 52000-58000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-24) वायदा की कीमतों में 1430-1530 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

बाजार में आवक की गति धीमी होने के कारण कॉटनसीडऑयलकेक(जुलाई) वायदा की कीमतों में तेजी की संभावना है। अन्य ऑयलमील की बढ़ती कीमतों से कॉटनसीडऑयलकेक के लिए बाजार में सेंटीमेंट बेहतर रहने की संभावना है। कॉटनसीडऑयलकेक की कीमतों के 2420-2750 के दायरे में रहने की संभावना है।

बढ़ी हुई भौतिक मांग के कारण ग्वारसीड (जुलाई) वायदा की कीमतों में तेजी की संभावना है। बाजार का मुख्य ध्यान बुआई की प्रगति पर केंद्रित हो गया है। राजस्थान में बाजरा और मूंग के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि के मद्देनजर वर्ष 2023 में ग्वार के रकबे में गिरावट की उम्मीद है। बुआई गतिविधियों में अभी भी तेजी नहीं आई है, लेकिन ग्वार पर कम कीमत मिलने के कारण कुल उत्पादन क्षेत्रप में कमी आने की संभावना है, जिससे ग्वार का क्षेत्र अन्य लाभदायक फसलों की ओर स्थानांतरित हो जाएगा। लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी से ग्वार की कीमतों की बढ़त पर अंकुश लगेगा। निकट भविष्य में ग्वार सीड की कीमतें 5350-5800 के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 10200-11500 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में सप्लाई बढ़ने से मेंथा ऑयल वायदा (जुलाई) की कीमतों में नरमी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना है। फसल की प्रगति के लिए मौसम की स्थिति अनुकूल बनी हुई है जिसके परिणामस्वरूप उपज में वृद्धि हो सकती है। मांग संबंधी चिंताओं के कारण कीमतें कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गई हैं। मेन्थॉल की निर्यात मांग कमजोर रहा है जिससे कीमतों पर दबाव रहेगा। मेंथा ऑयल की कीमतों के 870-940 के दायरे में रहने की संभावना है।

प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर सीमित उपलब्धता के मुकाबले खरीददारी बढ़ने के कारण अरंडी की कीमतों में तेजी रहने की संभावना है। लेकिन अरंडी के तेल के अधिक उत्पादन और सीमित निर्यात मांग के कारण बढ़त सीमित रह सकती है। वर्ष 2023 में कुल उत्पादन 18.82 लाख टन होने का अनुमान है जो साल-दर-साल 16% अधिक है। अरंडी (जुलाई) वायदा की कीमतों के 5550 -6000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

सर्राफा

पिछले साल सितंबर के बाद से सोने की कीमतों ने सबसे खराब तिमाही दर्ज की है और लगभग 3-1/2 महीने के निचले स्तर पर कारोबार कर रही है क्योंकि बेहतर आंकड़ों और केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के बाद यह अनुमान लगाया गया है कि अमेरिकी दरें अधिक बनी रहेंगी। फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अधिकांश अमेरिकी केंद्रीय बैंक नीति निर्माताओं को उम्मीद है कि उन्हें साल के अंत तक ब्याज दरें कम से कम दो बार फिर से बढ़ाने की आवश्यकता होगी। अमेरिका के आर्थिक संकेतकों की एक श्रृंखला से पता चलता है कि देश के मंदी से बचने की सबसे अधिक संभावना है। अमेरिका में बेरोजगारी के दावों में पिछले सप्ताह 20 महीनों में सबसे अधिक गिरावट आई, जो श्रम बाजार की ताकत की ओर इशारा करता है जिसने पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने में भी मदद की। सोने और कीमती धातुओं के लिए समग्र परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है, क्योंकि पॉवेल और यूरोपीय सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड बाजार में फिर से दरों में बढ़ोतरी की तैयारी कर रहे हैं। ऊंची ब्याज दरों की संभावना का असर सोने पर पड़ रहा है, जिस पर डॉलर के दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से भी दबाव पड़ा। लेकिन कुछ विश्लेषकों का मानना है कि सोने की कीमतें जल्द ही निचले स्तर से उबर सकती हैं और इसमें बढ़ोतरी शुरू हो सकती है। उनका तर्क है कि मौजूदा आर्थिक और राजनीतिक अनिश्चितता को देखते हुए सोना अभी भी अपेक्षाकृत आकर्षक संपत्ति है। कॉमेक्स पर सोने की कीमतें 1900 डॉलर के स्तर के करीब कारोबार रही है, और इस स्तर के नीचे टूटने पर कीमतें 1860 डॉलर के स्तर तक पहुंच जाएगी। कीमतों को 1960 डॉलर पर मजबूत रेजिस्टेंस है। चांदी की कीमतें नरमी के रुझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतें 21.50-23.50 डॉलर के दायरे में रह सकती है। इस सप्ताह में, एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में बिकवाली का दबाव जारी रह सकता है और कीमतें 57000-59000 के दायरे में रह सकती है। चांदी की कीमतें 66500-70500 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतें एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं क्योंकि अमेरिकी तेल भंडार में बड़ी गिरावट ने इस चिंता को दूर कर दिया है कि अधिक ब्याज दर बढ़ने से ईंधन की मांग में कमी आएगी। मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और तेल स्टॉक में गिरावट ऐसे समय आई है जब सऊदी अरब जुलाई में उत्पादन में प्रति दिन 1 मिलियन बैरल की अतिरिक्त कटौती करने की योजना बना रहा है। यह 2024 में आपूर्ति सीमित करने के लिए व्यापक ओपेक+ समझौते के अतिरिक्त है। रिफाइनिटिव डेटा से पता चला है कि जुलाई में प्रिमोर्स्क, उस्त-लूगा और नोवोरोसिस्क से रूस का समुद्री तेल निर्यात 1.9 मिलियन बैरल प्रति दिन हो जाएगा, जो जून में 2.3 मिलियन बैरल प्रति दिन था। रिफाइनरियां उत्पादन बढ़ाती हैं, तो वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति में अधिक कमी आ सकती है। मजबूत आर्थिक आंकड़ों की मदद से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की ताकत ने कच्चे तेल की कीमतों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट न केवल अधिक आपूर्ति की चिंताओं को कम करती है, बल्कि तेल की स्वस्थ मांग का भी संकेत देती है, जिससे मूल्य स्थिरता में बाजार का विश्वास मजबूत होता है। इस सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतों में बिकवाली का दबाव बना रह सकता है, जहां इसे 5500 के करीब समर्थन मिल सकता है और 6200 के करीब रेजिस्टेंस रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। गर्म तापमान की संभावनाओं के बीच नेचुरल गैस में तेजी आ रही है, जिसके कारण अमेरिकियों को इस गर्मी में अपने एयर-कंडीशनर को सामान्य से अधिक उपयोग करना पड़ सकता है। ईआईए के अनुमान के अनुसार, 23 जून 2023 तक भंडारण में कार्यशील गैस 2,805 बीसीएफ थी। यह पिछले सप्ताह की तुलना में 76 बीसीएफ की शुद्ध वृद्धि दर्शाता है। इस समय स्टॉक पिछले वर्ष की तुलना में 566 बीसीएफ अधिक है। इस सप्ताह में कीमतें 196-240 के दायरे में कारोबार करना जारी रख सकती हैं, जहां सपोर्ट के पास खरीदारी की सलाह है।

बेस मेटल

मिले-जुले फंडामेंटल के कारण बेस मेटल की कीमतें एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं। चीनी प्रोत्साहन की उम्मीदों और एक्सचेंज के भंडारों में गिरावट के कारण कीमतों को समर्थन मिल सकता है, लेकिन चीन के कमजोर आंकड़ों और आगे दरों में बढ़ोतरी की संभावना से काउंटर पर दबाव पड़ रहा है। हाल के महीनों में चीन की आर्थिक वृद्धि धीमी हो गई है, जिससे प्रोत्साहन की उम्मीदें बढ़ गई हैं। देश घरेलू खपत को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है और मांग को बढ़ावा देने के लिए अधिक कदम उठाने का वादा किया है। जून में चीन की फैक्ट्री गतिविधि लगातार तीसरे महीने कम हो गई, जबकि बीजिंग द्वारा पिछले साल के अंत में अपनी सख्त 'शून्य कोविड' नीति को छोड़ने के बाद से गैर-मैनुफैक्चरिंग गतिविधि सबसे कमजोर हुई है। तांबे की कीमतें 695-730 के दायरे में कारोबार कर सकती है। तांबे की आपूर्ति संबंधी चिंताएं भी बढ़ रही हैं क्योंकि चिली और पेरू जैसे प्रमुख उत्पादक देशों के खदानों में व्यवधान जारी है। एलएमई के आंकड़ों से पता चलता है कि एलएमई-पंजीकृत गोदामों में तांबे का भंडार अभी भी अपने सात सप्ताह के निचले स्तर के करीब है। 2023 में बाजार में तांबें की कमी रहने की उम्मीद है, जिससे कीमतें बढ़नी चाहिए । जिंक की कीमतें 203-223 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लेड की कीमतें 178-186 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 190-208 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। मुख्य रूप से मलेशिया के पोर्ट क्लैंग से 3,125 मीट्रिक टन की निकासी के बाद एलएमई-अनुमोदित गोदामों में एल्युमीनियम का भंडार घटकर 531,225 मीट्रिक टन हो गई, जो अप्रैल के मध्य के बाद सबसे कम है। पोर्ट क्लैंग में रद्द किए गए वारंट की मात्रा अब कुल स्टॉक का 80% है। स्टील लॉन्ग वायदा (जुलाई) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 45000-47500 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीनी निर्माण क्षेत्र द्वारा कमजोर मांग के कारण वैश्विक स्तर पर इस्पात मांग में गिरावट होने की संभावना है। मांग कमजोर होने और स्टील मिलों द्वारा उत्पादन बढ़ाने के कारण चीन में स्टील की कीमतें जून में लगातार तीसरे सप्ताह कम हो गई।

मॉनसून की गति बढ़ने से खरीफ की बुआई तेज

दक्षिण-पश्चिम मानसून को खरीफ फसलों की खेती के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, जो बारिश पर बहुत अधिक निर्भर हैं क्योंकि वर्षा की मात्रा इन फसलों की उत्पादन संख्या को निर्धारित करती है। सबसे अहम कि, यह देश की आर्थिक वृद्धि से निकटता से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, अच्छी और समय पर बारिश का कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे उपभोक्ता मांग बढ़ने की संभावना है।

मौसम कार्यालय के अनुसार धीमी शुरुआत के बाद मानसून ने अब तेजी से प्रगति की है और महाराष्ट्र, पूरे कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्से और हरियाणा के कुछ हिस्से सहित कई क्षेत्रों में बारिश होने लगी है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, न केवल 1-26 जून के दौरान कुल वर्षा की कमी घटकर 18.9 प्रतिशत हो गई है, बल्कि मानसून देश के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से में फैल गया है। आईएमडी ने पहले कहा था कि अल नीनो की स्थिति विकसित होने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है।



स्रोत: आईएमडी और पीआईबी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में कहा कि अगले 4-7 दिनों के दौरान गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। इस बीच, देश के कई हिस्सों में लगभग दो सप्ताह की अपेक्षाकृत अच्छी बारिश ने जून में मानसून की कमी को काफी हद तक कम कर दिया है। लेकिन, अब तक, उत्तर-पश्चिम भारत ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ उम्मीद से बेहतर बारिश हुई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, देश में मानसून के प्रवेश द्वार केरल में अब तक 65 फीसदी कम बारिश हुई है।

मानसून सीजन (जून-सितंबर) के शेष भाग में सामान्य से कम बारिश न केवल वर्तमान खरीफ पर संभावित प्रभाव डाल सकती है। इसका प्रभाव भूजल और बांध जलाशयों का उपयोग करके उगाई जाने वाली आगामी रबी (शीतकालीन-वसंत) फसलों तक भी फैल सकता है, जिन्हें मानसून के दौरान रिचार्ज/फिर से भरा जाता है।

मानसून की मौजूदा तेज प्रगति चावल, बाजरा, मक्का, कपास, सोयाबीन, मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द और अन्य खरीफ फसलों की बुआई के लिए अच्छी है। लेकिन फसलों को न केवल उनके बीजों को अंकुरित होने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, बल्कि वानस्पतिक और प्रारंभिक प्रजनन विकास के चरणों के दौरान भी जब वे जड़ें, तना, पत्तियां और फूल विकसित कर रहे होते हैं। इसलिए, सितंबर के अंत से काटी जाने वाली फसलों के अनुमान के लिए जुलाई और अगस्त की बारिश जून जितनी ही मायने रखती है।



स्रोत: पीआईबी

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित हैं। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।